मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# दादी के हत्यारोपी ने किया पिता पर बांके से हमला

## शराब पीने के लिए रुपये न देने पर दिया वारदात को अंजाम, ट्रामा सेंटर में भर्ती घायल की हालत नाजुक, आरोपी की तलाश में टीमें लगीं

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** जमानत पर छूटे दादी की हत्या के आरोपी ने बुधवार को शराब के लिए पैसे न देने पर बुजुर्ग पिता पर बांके से हमला कर दिया। मोहल्ले के लोगों के दौड़ने पर हमलावर भाग निकला। सूचना पर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुजुर्ग की हालत नाजुक बताई गई है। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

बेहसा निवासी मजदूर संतलाल रावत (60) की पत्नी की करीब पांच वर्ष पहले कैंसर की बीमारी से मौत हो गई थी। परिवार में पांच विवाहित बेटियां और शराब का लती बेटा नीरज (35) है। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे बिजली का बिल जमा कर संतलाल घर लौटे। नशे में धुत नीरज ने पिता से शराब पीने के लिए दो सौ रुपये मांगे। रुपये न देने पर नीरज ने पिता के साथ हाथापाई शुरु कर दी। इसके बाद पास में रखा बांका उठाकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। खून से लथपथ संतलाल चीखने के साथ गिर पड़े।

पड़ोसी राहुल चौरसिया वहां पहुंचे तो देखा कि संतलाल लहूलुहान हालत में पड़े थे और नीरज बांका लिए खड़ा था। खुद को घिरता देख नीरज बांका तालाब में फेंक कर भाग निकला। पड़ोसी ने पीछा किया लेकिन वह पकड़ नहीं आया। ग्रामीणों ने -112 पर पुलिस को सूचना दी।

कुछ देर में एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा व इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजापति मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एंबुलेंस से संतलाल को लोकबंधु पहुंचाया, वहां से डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। एसीपी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### ईंट से कूचकर की थी दादी की हत्या

- आरोपी नीरज रावत ने वर्ष 2022 में बुजुर्ग दादी चंपा देवी की ईंटों से कूचकर हत्या कर दी थी। करीब एक वर्ष पहले संतलाल रावत ने ही उसकी जमानत कराई थी। घर में संतलाल और नीरज अलग-अलग रहते हैं। दोनों के मुख्य दरवाजे भी अलग-अलग हैं। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि शराब के नशे में नीरज अक्सर पत्नी व पिता के साथ मारपीट करता था। आए दिन की मारपीट से परेशान होकर पत्नी दोनों बच्चों के साथ बिजनौर थाना क्षेत्र के नटकुर गांव स्थित अपने मायके चली गई।



लहूलुहान संतलाल।



वारदात के बाद जांच करते पुलिस अधिकारी।

## फोटो वायरल करने की धमकी दे वसूले ढाई लाख

**अमृत विचार, निगोहां :** बाराबंकी में ब्याही बेटी को निगोहां के युवक ने अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पति को छोड़कर साथ रहने का दबाव बनाया। इंकार पर ब्लैकमेल कर नकद व खाते में करीब ढाई लाख रुपये वसूले। और मांग पूरी न होने पर आरोपी ने फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। यही नहीं आरोपी ने गाली-गलौज कर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता की मां ने निगोहां के बघौना निवासी सत्येंद्र बहादुर सिंह उर्फ बच्चा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसओ अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। महिला के अनुसार बेटी ने जेवर बेचकर और रुपये उधार लेकर पीड़िता ने चोरी छिपे सत्येंद्र को 2.45 लाख रुपये दिए। बेटी इस कदर परेशान है कि उसके पास खुदकुशी के अलावा कोई और रास्ता नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ



प्रधान विजय लक्ष्मी।

### प्रधान विजय लक्ष्मी दिल्ली में सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ:** नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान पंचायत की निर्वाचित महिला प्रधानों का राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इस कार्यक्रम में मलिहाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत भदेसरमऊ की प्रधान विजय लक्ष्मी को भी शामिल होने का अवसर मिला। उन्हें ग्राम पंचातयों में कराए गए उत्कृष्ट कार्यों पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। डीपीआरओ जितेंद्र कुमार गोंड ने बताया कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से कुल 135 महिला प्रधानों को सम्मानित किया गया है।

### सेंध लगाकर घर में लाखों की चोरी

**अमृत विचार, माल:** थाना क्षेत्र पतौना गांव में किसान शिवराम के घर को मंगलवार देर रात चोरों ने निशाना बनाया। मकान में पीछे से सेंध लगाकर चोरों ने 25 हजार रुपये व लाखों के जेवर चोरी कर लिए। पीड़ित ने बताया कि बेटा ज्ञानेंद्र बहू को लेने ससुराल गया था। बेटी सुंदरी मामा के घर गई थी। वह गेहूं की फसल बचाने खेत की तरफ गया था। पत्नी घर में अकेली थी। शक है कि इसी दौरान गांव के ही अनिल उर्फ खबरू ने चोरी की। खेत से वापस आने पर शिवराम कमरे में गए तो बक्से का ताला टूटा और सामान बिखरा देखा। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अनिल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### कल पीएम किसान उत्सव जारी होगी सम्मान निधि

**अमृत विचार, लखनऊ:** 13 मार्च को पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। उपनिदेशक कृषि विनय कुमार कौशल ने बताया कि असम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। जिला मुख्यालय, ब्लॉक, ग्राम पंचायत और कृषि विज्ञान केंद्र पर वर्चुअल कार्यक्रम का प्रसारण होगा। कार्यक्रम में जिले के सम्मान निधि लाभार्थी, बीमा ड्रोन सखी, पशु सखी, बैंक सखी आदि उपस्थित होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। कृषि, राजस्व, पशुपालन समेत अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# हजरत अली की शहादत की याद में निकला ताबूत का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मौला-ए-कायनात हजरत अली की शहादत की याद में बुधवार को इमाम के ताबूत का जुलूस पूरी अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। रुस्तम नगर स्थित रौजा-ए- शबीहे नजफ से निकला यह जुलूस कर्बला तालकटोरा जाकर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

19वीं रमजान हजरत अली को नमाज के दौरान सजदे में अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम ने उनके सर पर जहर से बुझी तलवार से हमला किया था। जिससे वह जख्मी हो गये थे और 21वीं रमजान को उनकी शहादत हो गयी थी। जुलूस की अलविदाई मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास ने सुबह 3 बजे खिताब किया। मजलिस के बाद औरतों ने ताबूत को पुरुषों को सौप दिया। जुलूस में हजरत अब्बास के अलम भी थे। ताबूत निकलने के रास्तों पर बड़ी तादाद में अजादार पहले से ही जियारत के लिए मौजूद थे। ताबूत में हजारों लोगों का हुजूम था। जिसमें पुरुष, महिलाएं व बच्चे नंगे पैर इमाम की शहादत के गम में आंसू बहाते हुए चल रहे थे। रोजा होने के बावजूद अजादार अपने मौला के ताबूत को चूमने व कंधा देने के लिए बेकरार थे। कर्बला तालकटोरा में मौलाना अब्बास नासिर ने मजलिस को खिताब किया।

शबीहे नजफ़ से शुरू हुआ 21वीं रमजान का जुलूस छोटे साहब आलम रोड, कर्बला दियानतुद्दौला, काजमैन, मंसूर नगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, बिलोचपुरा चौराहा, हैदरगंज होता हुआ कर्बला तालकटोरा पहुंचकर दफ्न हो गया। लोगों ने दिनभर कर्बला तालकटोरा पहुंचकर हजरत अली की तुरबत पर फातेहा पढ़ा। अंत में मौलाना अब्बास नासिर ने मजलिस को खिताब किया।



मौला-ए-कायनात हजरत अली की शहादत में निकाले गए ताबूत के जुलूस में शामिल अकीदतमंद। अमृत विचार

### आमाल-ए-शबे कद्र आज

- बृहस्पतिवार को शबे कद्र के मौके पर को शिया पूरी रात अल्लाह की इबादत में गुजारेंगे। जहां पुरुष मस्जिदों में अमाल-ए- शबे कद्र और नमाजे अदा करेंगे, वहीं महिलाएं घरों में आमाल करेंगी और छह दिन की नमाजें पढ़ेंगी। शबे कद्र के मौके पर मस्जिदों में अफ्तारी के साथ-साथ सहरी के विशेष इंतेजाम किये गये हैं।

### हजरत अली के शहादत दिवस पर राष्ट्रीय छुट्टी की मांग

- आल इंडिया शिया यूथ फेडरेशन ने 21 रमज़ान को हजरत अली की शहादत दिवस पर भारत सरकार से राष्ट्रीय छुट्टी घोषित करने की मांग की है। इस मौके पर फेडरेशन के महासचिव कासिम हुसैन ने बताया कि ये मांग करीब 28 वर्षों से की जा रही है। आज कर्बला तालकटोरा के पास हजारों अजादारों ने कपड़े पर हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

### गवाही व जनाजे में शामिल होने को मस्जिद से निकल सकता एतिफाक में बैठने वाला

- **अमृत विचार, लखनऊ :** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिये। हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने पूछा कि कोई ऐसा माल जिस पर जकात वाजिब हो चुकी है, दो लोग उसमें शरीक हों, एक जकात दे दे और दूसरा जकात न दे, तो इसका क्या हुक्म है? इसके जवाब में बताया गया कि जब माल तकसीम होगा तो उसमें जिस शख्स ने जकात दी है वह अपने हिस्से को इस्तेमाल कर सकता है।एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई शख्स दुआ-ए-इफ्तार के बगैर रोजा खोल दे तो क्या हुक्म है? जवाब में बताया गया कि कोई हर्ज नहीं है, रोजा सही होगा। एक सवाल आया कि तीन दिन के एतिफाक में मस्जिद में रहना जरूरी है, क्या मस्जिद के बाहर निकलने से एतिफाक बातिल हो जाएगा? जवाब में बताया गया कि एतिफाक में बैठने के बाद जरूरी कामों के लिए बाहर निकला जा सकता है, जैसे गवाही देना, मोमिन के जनाजे में शरीक होना वगैरह। एक रोजेदार ने पूछा कि नौजवानों का टैटू बनवाना कैसा है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि मुस्लिम नौजवानों का टैटू बनवाना उस सूरत में सही नहीं है, जब वजू और गुस्ल में टैटू रुकावट बने, यानी वजू और गुस्ल का पानी खाल तक न पहुंच सके।

### हज़रत अली का न्याय इंसानियत के लिए मिसाल : अली अब्बास

- ऐनुल हयात ट्रस्ट की ओर से हज़रत अली की शहादत के ग़म में छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में एक मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना अली अब्बास खान ने ख़िताब किया। मौलाना अली हादी साहब ने इस मौके पर इमाम हज़रत अली का वसीयतनामा पढ़ा और कहा कि हमें उसकी बातों पर अमल करना चाहिए। वसीयतनामे की छपी हुई कापियां भी वहां मौजूद लोगों को दी गईं। मौलाना अली अब्बास खान ने कहा कि दुनिया का हर इंसान इंसाफ चाहता है और कोई भी ज़ुल्म पसंद नहीं करता, लेकिन लोग इंसाफ को सही तरह से नहीं समझते। हर कोई अपनी सोच के हिसाब से इंसाफ की परिभाषा कर लेता है। उन्होंने कहा कि हज़रत अली ने बताया कि इंसाफ का मतलब है हर चीज़ और हर व्यक्ति को उसका सही हक़ और सही जगह देना। अगर किसी को उसके हक़ से ज़्यादा या कम दिया जाए तो वह ज़ुल्म है। सबको बराबर देना इंसाफ नहीं है, बल्कि जिसकी जितनी काबिलियत है, उसे उसी के हिसाब से ज़िम्मेदारी और बदला मिलना ही असली इंसाफ है।

# गूगल मैप से रास्ता भटक गैस टैंकर नहर किनारे पलटा

- पुलिस व दमकल टीम ने क्रेन की मदद से कराया सीधा

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के समदा पुलिस चौकी स्थित ग्राम बेहटा में मंगलवार देर रात एलपीजी गैस से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर नहर किनारे पलट गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। राहत की बात यह रही कि टैंकर नहर में नहीं गिरा। काकोरी पुलिस व दमकल की टीम ने दो क्रेनों की मदद से टैंकर को सीधा कराया।

मंगलवार देर रात करीब 2 बजे एलपीजी गैस टैंकर में लेकर आ रहा चालक गूगल मैप के सहारे रास्ता तलाशते हुए बेहटा गांव पहुंच गया। गांव के अंदर रास्ता काफी संकरा होने के कारण चालक को योगेश पाल के घर के पास से वाहन बैक करना पड़ा। इस दौरान कुछ राहगीरों ने चालक को रास्ता बताने में मदद की, लेकिन नहर की पुलिया के पास संतुलन बिगड़ने से टैंकर पलट गया।

टैंकर पलटने से मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

हादसे में रास्ता बताने वाले दो युवक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गयी।



पलटा पड़ा गैस टैंकर।

### जमीन हड़पने के लिए फूंकी कार, रिपोर्ट दर्ज

- **अमृत विचार, काकोरी :** जमीन हड़पने के लिए युवक की कार फूंकने व परिवार को धमकाने के मामले में दुबग्गा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौपटिया निवासी धनीराम मौर्य ने बताया कि ग्राम भौरा में उनकी जमीन है। आरोप है कि 2 जनवरी की रात जब वह अपनी जमीन पर पहुंचे तो देखा कि सत्येन्द्र सिंह यादव, अरुण यादव, छंगा तथा दो अन्य अज्ञात लोग उनकी वैगनआर कार में आग लगा रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं और उनकी जमीन हड़पना चाहते हैं।

# तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान बताए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग की ओर से मनोचिकित्सा विभाग के सहयोग से विश्व तंबाकू निषेध दिवस एवं पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वर्मा, संकाय सदस्य डॉ. जिलानी और डॉ. हेमंत कुमार सहित अन्य विशेषज्ञों ने तंबाकू उत्पादों के भ्रामक प्रचार और उनकी कृत्रिम आकर्षक छवि पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को धूम्रपान और अन्य तंबाकू उत्पादों से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। खासतौर पर युवाओं में बढ़ती तंबाकू और निकोटिन की लत को लेकर चिंता व्यक्त की। पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन और योग का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें मरीजों, स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य प्रतिभागियों को श्वास संबंधी व्यायाम, शारीरिक गतिविधियों और योग की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी गई।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज बदलेगा पंचायतों की सूरत

- वर्ष 2026-27 में नये क्लेवर से शुरू होगा अभियान
- नवाचार से गांवों का करेंगी विकास, बढ़ेगी आय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्र की स्पॉन्सरशिप योजना के तहत ''राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान'' वर्ष 2026-27 में नए कलेवर में चलेगा। सरकार ने अभियान में नवाचार अपनाते हुए विषयों को अपडेट किया है। इससे पंचायतें गांव का विकास करेंगी, साथ ही इन्हीं कार्यों से ओएसआर यानी स्वयं की आय बढ़ाएंगी।

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान वर्ष 2022 से 2026 तक के लिए चला था। इस अभियान में ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों पर सुविधाओं का सर्वे करके उनकी पूर्ति करना, जरूरत की किटें देना, नवाचार अपनाना और इन्फ्रास्ट्रकर पर काम करने जैसे विषय पर प्रशिक्षित किया जाता था। यह अभियान इस माह मार्च में खत्म हो जाएगा और अप्रैल में नए कलेवर में शुरू होगा।

केंद्र ने अभियान में नवाचार को जोड़ते हुए समय और जरूरत के हिसाब से विषयों में बदलाव करके बढ़ाए हैं। इससे लाभान्वित ग्राम पंचायतें गांवों का और बेहतर विकास करेंगी। साथ ही कूड़ा उठान, कूड़ा निस्तारण, सीएससी जैसे चीजों का निर्माण व स्थापित करेंगी जिससे ग्रामीणों को लाभ होगा और उससे मिलने वाले शुल्क से पंचायत को आय प्राप्त होगी। यह आय गांव के विकास कार्यों पर बजट के अतिरिक्त खर्च की जाएगी।






जनसभा के लिए झूलेलाल पार्क में बना पंडाल।

# लाइटों-पौधों से सजा ग्रीन कॉरिडोर, पंडाल भी तैयार

- लोकार्पण अवसर पर झूलेलाल पार्क में होगी सभा, 10 हजार लोग आएंगे
- समतामूलक चौक के पास रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री काटेंगे फीता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एलडीए, जिला प्रशासन और नगर निगम ने 13 मार्च को ग्रीन कॉरिडोर के उद्घाटन की तैयारी शुरू कर दी है। जनसभा के लिए में पंडाल लगाया गया है। सभा में 10 हजार लोगों को लाने के लिए 300 बसें लगाई गई हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे।

समतामूलक चौक पर एलडीए ने लाइटिंग के साथ रंग-रोगन, पेड़-पौधे, वॉल पेटिंग से सजावट की है। जगह-जगह ग्रीन कॉरिडोर सजाया है। पौधे के अलावा डालीगंज, निशातगंज और समतामूलक चौक पर रोटरी में रंग-बिरंगी लाइटिंग भी की गई है। 100 बसें आठ विकास खंडों पर और 200 नगर क्षेत्र से लोगों को जनसभा में लाएंगी। बसों की पार्किंग, लोगों को बैठने की व्यवस्था, लंच, पेयजल आदि की जिम्मेदारी संबंधित विभागों को दी गई है। कार्यक्रम की दिनरात तैयारी की जा रही है। बुधवार को प्रशासन, एलडीए, नगर निगम, पुलिस विभाग के अलावा शासन स्तर के अधिकारियों का आनाजाना लगा रहा। अफसरों ने कार्यक्रम की तैयारी देखी और आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में किसी तरह की कमी न रह जाए इस पर जोर है। एलडीए ने फेज-2 में डालीगंज से निशातगंज होते हुए समतामूलक चौक तक करीब सात किमी का ग्रीन कॉरिडोर बनाया है। यह उद्घाटन के बाद वाहनों के आवागम के लिए खोल दिया जाएगा। इस लेन से फेज-1 का आईआईएम रोड से डालीगंज तक बना ग्रीन कॉरिडोर जुड़ जाएगा।

इससे आईआईएम रोड से सीधे समतलामूलक तक 10 मिनट में वाहनों से आनाजाना होगा।

## खेलकूद

### प्रदेश के युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग की प्रतियोगिता का विधायक ने किया उद्घाटन

# सीनियर बालक वर्ग कबड्डी में मोहनलालगंज की टीम बनी विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग की ज़ोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता बुधवार को मोहनलालगंज के मऊ स्थित स्टेडियम में शुरू हुई। सीनियर बालक वर्ग की कबड्डी में मोहनलालगंज विजेता और बाराबंकी उपविजेता बना। जूनियर वर्ग में लखनऊ विजेता व उन्नाव उपविजेता और सब-जूनियर वर्ग में उन्नाव विजेता और सीतापुर उपविजेता बना।

इसके पहले विधायक अमरेश कुमार ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। सीनियर वर्ग बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बाराबंकी के सौरभ वर्मा, 200 मीटर दौड़ में उन्नाव के दीपक कुमार, 400 मीटर दौड़ में बाराबंकी के सौरभ वर्मा, 1500 मीटर दौड़ में सीतापुर के शोभाराम मौर्य, (सीतापुर), भाला फेंक में बाराबंकी के शुभम यादव, ऊंची कूद में अंबेडकर नगर के आबिद अकरम पहले स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में अंबेडकर नगर की गायत्री, 800 मीटर दौड़ में सीतापुर की रूचि श्रीवास्तव, ऊंची कूद में लखीमपुर खीरी की अंजली वर्मा पहले स्थान पर रहीं। जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सुल्तानपुर के अंश चौरसिया, 200 मीटर दौड़ में अम्बेडकरनगर के मोहम्मद आजम, 400 मीटर दौड़ में लखीमपुर-खीरी के गुलाब सिंह, 1500 मीटर दौड़ में सुल्तानपुर के हिमेश, भाला फेंक में अम्बेडकरनगर के आलोक वर्मा और ऊंची कूद में अमेठी के शमशाद अव्वल रहे। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में लखीमपुर-खीरी की अकविन्दर कौर, 200 मीटर दौड़ में अयोध्या की गीता यादव, 400 मीटर दौड़ में लखीमपुर-खीरी की अकविन्दर कौर, 800 मीटर दौड़ में रायबरेली की शशि, ऊंची कूद में बाराबंकी की अंजली ने स्वर्ण पदक जीता। सब-जूनियर वर्ग बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अयोध्या के सनी गिरी, 800 मीटर दौड़ में अंबेडकर नगर के सत्यम, भाला फेंक में बाराबंकी के सुधीर यादव और ऊंची कूद में अमेठी के अवशेष को पहला स्थान मिला। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में रायबरेली की अनामिका, 800 मीटर दौड़ में सुल्तानपुर की अनुश्री मिश्रा, ऊंची कूद में अयोध्या की विन्ध्यवासिनी पहले स्थान पर रहीं।



युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग की ज़ोनल प्रतियोगिता में दौड़ लगाते खिलाड़ी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### पार्कों, खेल मैदानों और खुले स्थानों को सूचीबद्ध करने का निर्देश

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों तथा प्राधिकरणों को निर्देश दिया है कि वे पार्कों, खेल मैदानों और खुले स्थानों का विवरण तैयार कर उन्हें उत्तर प्रदेश पार्क, खेल मैदान और खुली जगह संरक्षण और विनियमन अधिनियम, 1975 के तहत तैयार की जाने वाली सूची में शामिल करें। साथ ही ऐसे स्थानों का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करने भी को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को नियत की गई है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने धर्मपाल यादव की जनहित याचिका पर पारित किया है। याची ने शहर के जनेश्वर मिश्रा पार्क के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने की मांग की है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि अधिनियम की धारा 6 के अनुसार सूचीबद्ध पार्क, खेल मैदान या खुले स्थानों का उपयोग उस उद्देश्य के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जा सकता, जिसके लिए उनका उपयोग 1975 में अधिनियम लागू होने से ठीक पहले किया जा रहा था, जब तक कि इसके लिए निर्धारित प्राधिकरण से पूर्व अनुमति न ली जाए। न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा कि अधिनियम की धारा 6 में दी गई रोक उन पार्कों पर भी लागू होगी जिन्हें अधिनियम की धारा 3 और 4 के अंतर्गत सूची में शामिल किया गया है, चाहे वे अधिनियम लागू होने के बाद ही क्यों न जोड़े गए हों।

### शिया व सुन्नी वक्फ बोर्ड को एकीकृत करने की याचिका पर मांगा जवाब

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 के तहत शिया व सुन्नी वक्फ बोर्डों को मिलाकर एक वक्फ बोर्ड बनाए जाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर, केंद्र व राज्य सरकार समेत शिया व सुन्नी वक्फ बोर्डों से जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने सैयद वसीम रिजवी की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 की धारा 13 एक वक्फ बोर्ड का प्रावधान करती है। न्यायालय ने प्रतिवादियों को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। अगली सुनवायी चार सप्ताह पश्चात होगी।

### ओवरलोडिंग व अवैध खनन पर 29.65 लाख का जुर्माना वसूला

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अवैध खनन और ओवरलोडिंग की गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी अभियान चलाया। इस दौरान 409 वाहनों की गहन जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लगभग 29 .65 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। विभाग के अनुसार, अभियान के तहत अवैध खनिज परिवहन और ओवरलोडिंग पर विशेष निगरानी रखी गई। नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ मौके पर कार्रवाई कर जुर्माना राजकोष में जमा कराया गया।

### किशोरी मिली, भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड पुलिस ने 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी नीरज तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया है। 9 मार्च को पीड़ित भाई ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मूल रूप से बिहार निवासी आरोपी नीरज तिवारी विभूतिखंड के विभवखंड-2 में रह रहा था। इंस्पेक्टर विभूतिखंड ने बताया कि जल्द ही पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया जाएगा।

### मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंद मकान में चोरी करने वाले आरोपी को पीजीआई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लाखों के जेवर, 38 हजार रुपये व चोरी में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। आरोपी संदीप कश्यप कैसरबाग के मकबूलगंज का रहने वाला है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि 25 फरवरी को वृंदावन योजना सेक्टर-18 स्थित आसरा एंक्लेव निवासी अंजू सिंह के मकान में चोरी हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी संदीप को चिरैयाबाग अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी अमीनाबाद में चाउमीन का ठेला लगाता है।

# मां-बेटे की हत्या के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली

## गोली लगने से सिपाही भी घायल, आरोपी गिरफ्तार, अस्पताल में भर्ती, तमंचा, दो खोखे व कारतूस बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज इलाके में 45 वर्षीय मां और 18 वर्षीय नेत्रहीन बेटे की हत्या करने वाले आरोपी और पुलिस के बीच बुधवार देर रात मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक सिपाही घायल हो गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से हत्यारोपी पड़ोसी किशन रावत घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मौके से तमंचा, दो खोखे व एक कारतूस बरामद किया है।

डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि 9 मार्च की रात में सिसेंडी गांव में मां-बेटे की गला घोंटकर हत्या की गयी थी। पुलिस ने मृतका के



घायल आरोपी किशन रावत।



घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

भाई की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। केस पर पुलिस की चार टीमें लगाई गई थीं। सीसीटीवी कैमरे में कैद संदिग्ध की पहचान ग्रामीणों ने की थी। साथ ही बताया था कि किशन रावत को मां-बेटे के घर से भीगता हुआ जाता देखा गया था। जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में लगी थी।

डीसीपी ने बताया कि बुधवार रात इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश त्रिपाठी, चौकी प्रभारी सिसेंडी अनूप सिंह पुलिस बल के साथ हत्यारोपी की तलाश में दबिश दे रहे थे। देर रात में सूचना मिली कि हत्यारोपी



बरामद तमंचा।

किशन हुलासखेड़ा से खुजौली की ओर नहर किनारे रास्ते से जा रहा है। वह कहीं भागने की फिराक में है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी की। पुलिस ने आरोपी को रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने गोली चला दी। आरोपी की फायरिंग में सिपाही अमित सिंह के दाहिने पैर में पंजे के पास गोली लगी। इसके बाद जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी और वह वहीं पर गिर पड़ा। पुलिस ने आरोपी को सीएचसी मोहनलालगंज भिजवाया गया है।

एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय ने बताया कि आरोपी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ भी मारपीट करता था। आरोपी की पिटाई से परेशान होकर पत्नी मायके चली गई थी। आरोपी किशन के खिलाफ दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी गई है। चूंकि उसने दुष्कर्म के प्रयास की बात कही है। बीएनएस में प्रयास में भी दुष्कर्म की धारा ही लगती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर इस संबंध में अभी विशेषज्ञों की राय ली जाएगी। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी किशन साइको किस्म का है। उसने हत्या के बाद महिला और उसके बेटे के कपड़े उतारे। दोनों को थप्पड़ और डंडे से पीटा था।

### गाली देने पर नेत्रहीन का गला घोंटा, दुष्कर्म के विरोध पर मां को मारा

एसीपी के मुताबिक, पूछताछ में किशन रावत ने बताया कि महिला की पान-मसाले की दुकान है। उसे 160 रुपये उधारी के महिला को देने थे। 9 मार्च की शाम वह महिला के घर रुपये देने पहुंचा था। उसका नेत्रहीन बेटा था। उसने यह कहकर भगा दिया कि जब मां आए तब आना। कुछ देर बाद महिला पहुंची तो वह भी पहुंच गया। वह रुपये दे रहा था, इस बीच उसके नेत्रहीन बेटे ने आवाज सुनी और गाली दे दी। गुस्से में उसने नेत्रहीन को लात मार दी। वह हौद में गिरा फिर उसका गला घोंटकर मार दिया। उसकी मां हाथापाई करने लगी। उसे धक्का देकर गिराया और लात मार दी। वह गिर गई। दुष्कर्म के विरोध पर उसका भी गला घोंट दिया।

# कर्मचारियों के अवकाश मानव संपदा पोर्टल से ही होंगे स्वीकृत

## मुख्य सचिव का आदेश, 25 मार्च तक अपडेट करें अवकाश विवरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बुधवार को निर्देश दिया है कि कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश की स्वीकृति अब मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही सुनिश्चित की जाए।



एसपी गोयल

शासनादेश के अनुसार सभी विभागों, कार्यालयों, स्वायत्तशासी संस्थाओं और निगमों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों का पंजीकरण मानव संपदा पोर्टल पर पहले से अनिवार्य किया जा चुका है। इसके बावजूद कई विभागों में अवकाश संबंधी प्रविष्टियां और स्वीकृतियां पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह दर्ज नहीं की जा रही हैं। इसी स्थिति को देखते हुए सभी विभागाध्यक्षों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के अवकाश से संबंधित सभी विवरण पोर्टल पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने कहा है कि कर्मचारियों के अवकाश से संबंधित आवेदन, स्वीकृति और निस्तारण की पूरी प्रक्रिया मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही की जाएगी, ताकि सेवा संबंधी मामलों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही विभागों को निर्देश दिया गया है कि कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका के आधार पर उनके सभी प्रकार के अवकाश का अद्यतन विवरण आहरण एवं वितरण अधिकारी (डीडीओ) के माध्यम से 25 मार्च 2026 तक पोर्टल पर दर्ज कराया जाए।

### संस्कृति स्कूल में गुणवत्ता को दें प्राथमिकता

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने निर्देश दिए हैं कि संस्कृति स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। निजी स्कूलों की तुलना में विद्यालय की फीस और परिवहन शुल्क कम रखे जाएं, ताकि अधिक से अधिक छात्र यहां प्रवेश ले सकें। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद और अतिरिक्त गतिविधियों को विशेष महत्व देने पर जोर दिया। मुख्य सचिव बुधवार को सीएसआई एजुकेशनल सोसाइटी की कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फुटबॉल, वॉलीबॉल, स्केटिंग, क्रिकेट, टेबल टेनिस और लॉन टेनिस जैसी खेल गतिविधियों को विकसित और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल में स्पोर्ट्स वेंडर और कैंटीन संचालन की व्यवस्था करने को भी कहा। बैठक में बताया गया कि संस्कृति स्कूल में पांच ब्लॉकों में 66 कक्षाएं, ऑडिटोरियम, प्रयोगशालाएं और खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं और यहां 2640 छात्रों की क्षमता है। विद्यालय में विश्वस्तरीय साइंस लैब, एआई लैब और कंप्यूटर लैब भी स्थापित की गई हैं। वर्तमान में करीब 300 छात्रों ने प्रवेश लिया है।

### आभूषण दुकान से महिला ने आस्तीन में छिपाई अंगूठी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर स्थित सर्राफ की दुकान से 80 हजार रुपये कीमत की एक अंगूठी चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें एक महिला अंगूठी को अपनी आस्तीन में छिपाते हुए दिखाई दे रही है। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। पत्रकारपुरम स्थित आनंद प्लाजा के एलजीएफ में बने ओफिरा लैब डायमंड्स शोरूम के स्टोर मैनेजर रंजीत सिंह ने बताया 26 फरवरी की शाम करीब 6 :25 बजे सांझ शुक्ला एक महिला रिश्तेदार संग शोरूम में आई थीं। रात में स्टॉक के मिलान के दौरान एक लैब ग्रोन डायमंड अंगूठी कम पाई गई। इसके बाद शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई। उसमें दिखा कि सांझ शुक्ला के साथ जो महिला आई थी वह फुल स्लीव कपड़े पहनने थी। उसने अंगूठी को अपनी आस्तीन में छिपा लिया। शोरूम मैनेजर ने बताया घटना के बाद सांझ शुक्ला से संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन वह चोरी की बात से इनकार कर रही हैं। जांच में सहयोग भी नहीं कर रही हैं। शोरूम के मैनेजर ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# दलितों के खिलाफ बढ़ रहे अपराध : अजय राय

## कांशीराम की जयंती को 'सामाजिक परिवर्तन दिवस' के रूप में मनाएगी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार गरीबी नहीं बल्कि गरीबों को मिटाना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में दलितों के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में भदोही में जसलाल सरोज को जिंदा जलाने की कोशिश की घटना बेहद चिंताजनक है। कांग्रेस दलितों के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सामाजिक न्याय की लड़ाई जारी रखेगी। कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि आजादी के बाद देश से गरीबी और असमानता खत्म करने का



कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से संवाद करते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य। अमृत विचार

सपना देखा गया था, लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियां आम जनता के हित में नहीं हैं।

वहीं एआईसीसी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जय हिन्द ने बताया कि कांग्रेस 13 मार्च को कांशीराम की जयंती को 'सामाजिक परिवर्तन दिवस' के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर लखनऊ में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शामिल होने की संभावना है। इस मौके पर डॉ. सीपी राय, अनिल यादव, मनीष हिंदवी और मनोज यादव सहित कई नेता मौजूद रहे।

# रेरा ने 51 एजेंटों को बताए नियम और मानक, किया प्रशिक्षित

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेरा ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, पेशेवर दक्षता और जवाबदेही के उद्देश्य से बुधवार को ग्रेटर नोएडा स्थित एनआईईटी में चार दिवसीय एजेंट प्रशिक्षण शुरू किया।

आयोजन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण में 51 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। उद्घाटन रेरा के सचिव महेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव उमा शंकर सिंह, वित्तीय सलाहकार सुधांशु त्रिपाठी तथा सहायक निदेशक अमरीश कुमार ने लखनऊ स्थित मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस अवसर पर ग्रेटर नोएडा कार्यालय से राजस्व अधिकारी अंशुमान सिंह, डिप्टी सचिव पंकज सक्सेना, प्रशासनिक अधिकारी सुभाष बाबू, प्रोग्रामर विनय अग्रहरि तथा कानपुर विश्वविद्यालय से मोहित अवस्थी भी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को रेरा के कार्य, नियम, मानक आदि बताए।

# प्रधानमंत्री 14 को जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13 मार्च को असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इस अवसर को पूरे देश में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

यूपी सरकार ने इस संबंध में सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शासनादेश के अनुसार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण pmindiawebcast.nic.in पर होगा। प्रदेश के सभी जिलों, विकासखंडों और ग्राम पंचायतों में किसानों को इस कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जोड़ने के लिए आयोजन किए जाएंगे। इसके लिए कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्रों और जिला प्रशासन को समन्वय के साथ व्यवस्थाएं करने को कहा गया है। कार्यक्रमों में मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, ग्राम प्रधानों और किसानों की भागीदारी के निर्देश दिए गए हैं।

# जिलों में बनेंगे मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए योगी सरकार विभिन्न जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय स्थापित करने जा रही है। इन विद्यालयों में प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को एक ही परिसर में आधुनिक सुविधाओं के साथ शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

यह जानकारी बुधवार को बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ के मलिहाबाद सहित बहराइच, चंदौली, मिर्जापुर, लखीमपुर खीरी, फतेहपुर, गाजियाबाद, कानपुर देहात, वाराणसी, कौशांबी, फर्रुखाबाद, अमेठी और उन्नाव समेत कई जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण के लिए शासनादेश जारी कर दिए गए हैं। प्रत्येक परियोजना के लिए लगभग 23 से 28 करोड़ रुपये तक की लागत स्वीकृत की गई है तथा प्रथम किश्त के रूप में संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को धनराशि भी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में आधुनिक कक्षाएं, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल मैदान, पुस्तकालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# मनरेगा से बन रहे अन्नपूर्णा भवन राशन वितरण होगा आसान

**अमृत विचार,लखनऊ:** प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में राशन वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मनरेगा के तहत अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में सरकारी भूमि पर इन भवनों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है।

मनरेगा योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे अन्नपूर्णा भवनों में खाद्यान्न भंडारण की व्यवस्था के साथ उचित दर की दुकान संचालित की जा सकेगी। भवन में एक बड़ा हॉल, प्रतीक्षालय तथा जनसेवा केंद्र के संचालन की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश में अब तक 4,811 से अधिक अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य शुरू कराया जा चुका है, जबकि 900 से अधिक भवन बनकर तैयार हो चुके हैं। अब तक कई स्थानों पर उचित दर की दुकानें संकरी गलियों में संचालित होने के कारण खाद्यान्न वाहन और उपभोक्ताओं को पहुंचने में परेशानी होती थी। ग्राम सभाओं में अन्नपूर्णा भवन बनने से खाद्यान्न वाहन आसानी से पहुंच सकेंगे।

# सिख प्रतिनिधिमंडल ने योगी से मिलकर जताया आभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिख परंपराओं से विवाह के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरकार ने किया है आसान

**अमृत विचार :** कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख के नेतृत्व में सिख प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। राज्य कैबिनेट द्वारा 'आनंद विवाह रजिस्ट्रेशन नियमावली-2026 (आनंद कारज)' को मंजूरी दिए जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति प्रतिनिधिमंडल ने आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल के दिलप्रीत सिंह 'डीपी' ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के सिख समुदाय के लिए ऐतिहासिक है। इससे सिख धार्मिक परंपराओं के अनुसार संपन्न होने वाले विवाहों के पंजीकरण की प्रक्रिया आसान होगी और समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो सकेगी। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए सिख समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक और जनहित के मुद्दों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रदेश के सिख समुदाय को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों की भावनाओं और परंपराओं के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल में लखविंदरपाल सिंह, रणवीर सिंह कलसी, सुरिंदरपाल सिंह बख्शी, गुरबाज सिंह, परविंदर सिंह, निर्मल सिंह, हरविंदर सिंह लार्ड, हरपाल सिंह और गुरविंदर सिंह छाबड़ा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### छुट्टी के दिन भी ओपीडी चलने से कर्मचारियों ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शीतलाष्टमी के अवसर पर बुधवार को शहर के ज्यादातर सरकारी अस्पतालों में ओपीडी आधे दिन संचालित की गई, लेकिन बलरामपुर अस्पताल में ओपीडी का संचालन सामान्य दिनों की तरह दोपहर 2 बजे तक किया गया। इस पर कई कर्मचारियों ने नाराजगी जताई। कई कर्मचारियों ने अस्पताल प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि जब अन्य सरकारी अस्पतालों में आधे दिन की ओपीडी रही, तो बलरामपुर अस्पताल में अलग व्यवस्था क्यों लागू की गई। इस मामले में अस्पताल प्रशासन कोई भी स्पष्ट प्रतिक्रिया देने से बचता रहा।

सुविधा | बच्चे का हुआ सफल इलाज, गरीब व मध्यम वर्ग के मरीजों को मिलेगी राहत

# केजीएमयू में शुरू हुआ बोन मैरो प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्यपाल ने दिसंबर में यूनिट का किया था उद्घाटन

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू हो गई है। संस्थान में हाल ही में एक बच्चे का सफल बोन मैरो प्रत्यारोपण किया गया, जिसके बाद उसकी तबीयत में सुधार हुआ और उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि समय-समय पर मरीज का फॉलोअप किया जाएगा।

कुलपति ने बताया दिसंबर 2025 में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने



संस्थान में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का उद्घाटन किया था। गंभीर रक्त कैंसर से जूझ रहे इस बच्चे को कीमोथेरेपी से अपेक्षित सुधार नहीं मिलने पर बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सलाह दी गई। परिवारीजनों की अनुमति मिलने के बाद यह सफल ट्रांसप्लांट किया गया।

डॉ. नित्यानंद ने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, मल्टीपल मायलोमा और सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में मददगार है। इस सुविधा के शुरू होने से गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को विशेष लाभ मिलेगा, जिन्हें अब महंगे निजी अस्पतालों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। केजीएमयू में यह सुविधा केवल 6 से 8 लाख रुपये में उपलब्ध है। अधिकांश ट्रांसप्लांट प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री राहत कोष, आयुष्मान योजना तथा असाध्य रोग योजना के तहत किए जाएंगे। अस्पताल के रिवॉल्विंग फंड काउंटर से मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### क्या है बोन मैरो ट्रांसप्लांट

बोन मैरो ट्रांसप्लांट एक चिकित्सा प्रक्रिया है जिसमें शरीर की खराब या नष्ट हो चुकी बोन मैरो को स्वस्थ बोन मैरो कोशिकाओं से बदल दिया जाता है। बोन मैरो वह स्पंजी ऊतक होता है जो हमारी हड्डियों के भीतर पाया जाता है और रक्त बनाने वाले स्टेम सेल बनाता है। जिनसे लाल व सफेद रक्त कोशिकाएं और प्लेटलेट्स बनते हैं।

# बच्चों को बीमार कर रहा मौसम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अस्पतालों की ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में पहुंच रहे बच्चे खांसी-जुकाम, सीने में जकड़न और सांस लेने में परेशानी

**अमृत विचार :** इन दिनों मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। दिन में तेज धूप और गर्मी महसूस हो रही है, जबकि सुबह-शाम हल्की ठंड बनी हुई है। मौसम के इस उतार-चढ़ाव का असर सबसे ज्यादा बच्चों की सेहत पर पड़ रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि थोड़ी सी लापरवाही बच्चों को खांसी, जुकाम, वायरल बुखार और पेट संबंधी समस्याओं की चपेट में ला सकती है।

वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान खान के अनुसार इस समय बच्चों की विशेष देखभाल बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि बच्चों को सादा पानी पिलाना चाहिए और पर्याप्त मात्रा में पानी देना चाहिए, जिससे पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है और शरीर के विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। उन्होंने फिलहाल एसी व कूलर से बचने और बच्चों को फ्रिज का ठंडा पानी, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक तथा बर्फ खाने से परहेज कराने की सलाह दी है।

वहीं भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष शुक्ला ने बताया कि बच्चों की इम्युनिटी मजबूत रखने के लिए उनके भोजन में हरी सब्जियां, मौसमी फल, जूस, सूखे मेवे और सलाद शामिल करना चाहिए। घर का ताजा बना भोजन जैसे दाल, चावल, रोटी, सब्जी और दही बच्चों के लिए सबसे बेहतर होता है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास के लिए हाई-प्रोटीन डाइट जैसे दालें, अंकुरित चना-मूंग, दूध और दूध से बने पदार्थ देना चाहिए। साथ ही जंक फूड, बाहर की चाट-समोसे और अस्वच्छ भोजन से बचाना जरूरी है। बच्चों को खाने से पहले साबुन-पानी से हाथ धोने की आदत भी जरूर डालनी चाहिए, ताकि मौसमी बीमारियों से बचाव किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होगा चुनाव

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** युवा पत्रकार प्रेस क्लब शोहरतगढ़.के आगामी चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। चुनाव अधिकारी कमलेश मिश्रा एवं सरताज आलम ने कहा कि प्रेस क्लब का चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से सम्पन्न कराया जायेगा। इसके लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सकें। चुनाव अधिकारी सलमान हिन्दी एवं अब्दुल कुददुश ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वे चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करें और आपसी भाईचारे व गरिमा को बनाए रखते हुए मतदान में भाग लें।

### युवक की चाकू से गला रेतकर हत्या से आक्रोश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना जोगिया उदयपुर क्षेत्र अंतर्गत नादेपार में एक व्यापारी युवक की हत्या को लेकर जिले के व्यापारियों में रोष व्याप्त है। घटना के विरोध में बुधवार को उप्र उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष अजय कसौधन के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों व ग्रामीणों द्वारा जोगिया थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया गया। व्यापारियों द्वारा घटना में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है। बताते चलें कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे एक युवक द्वारा नादेपार चौराहे निवासी 23 वर्षीय शिवम कसौधन पुत्र सब्लू की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। वह अपने घर से दुकान का सामान लेने आया था। इसी दौरान पड़ोस में आए प्रिंस वर्मा निवासी सोनबरसा थाना मिश्रौलिया ने उसके घर के सामने ही अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद आसपास के लोगों ने घायल शिवम को तुरंत चौराहे पर स्थित एक मेडिकल स्टोर पर पहुंचाया। वहां से जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

## युवती का कई दिन पुराना शव मिला, नहीं हो सही शिनाख्त

जिला संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में बुधवार को मैलानी नहर की पुलिया के नीचे युवती का अर्धनग्न शव मिला। पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

बुधवार दोपहर डायल 112 पर सूचना मिली कि मोहद्दीपुर ग्रामसभा के पास मैलानी नहर की पुलिया के नीचे युवती का शव पड़ा है। पुलिया के नीचे ह्यूम पाइप के पास करीब 30 वर्षीय युवती का शव पड़ा मिला। शव लगभग आठ से दस दिन पुराना बताया जा रहा है। सड़न अधिक होने के कारण शव फूल चुका था और सड़ने लगा था। पुलिस के अनुसार, युवती ने नीले रंग की जींस पहन रखी थी, जबकि शरीर के ऊपरी हिस्से पर कोई कपड़ा नहीं था। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार,कोतवाल जयप्रकाश दुबे, औद्योगिक चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मिश्र तथा फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। ग्रामीणों ने युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जाहिर की है। वहीं एएसपी सुशील कुमार सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## 40 साल पुराने मामले में रोडवेज का आरोपी कंडक्टर बरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगभग 40 साल पुराने रोडवेज बस जांच एवं कथित मारपीट मामले में आरोपी बस कंडक्टर को सभी आरोपों से बरी करते हुए कहा कि सरकारी कर्मचारी पर हमला या सरकारी कार्य में बाधा से जुड़े मामलों में दोषसिद्धि तभी संभव है, जब यह ठोस रूप से सिद्ध हो कि संबंधित कर्मचारी विधिक अधिकार और वैधानिक प्रक्रिया के तहत अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा था। केवल सरकारी पद पर होना ही पर्याप्त नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना (दशम) की एकल पीठ ने राजेंद्र



कुमार को बरी करते हुए पारित किया।

बता दें कि वर्ष 1981 में सहारनपुर से हरिद्वार जा रही यूपी रोडवेज बस की जांच के दौरान तीन ट्रैफिक निरीक्षकों और बस कंडक्टर के बीच विवाद हुआ। अभियोजन के अनुसार वे-बिल में यात्रियों की प्रविष्टि को लेकर विवाद शुरू हुआ और कंडक्टर ने निरीक्षकों-नाथूराम, अत्तर सिंह और बुधीमल के साथ मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा डाली। इस आधार पर आईपीसी की धाराओं 332 और 333 के तहत पुलिस स्टेशन रूडकी, सहारनपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया। ट्रायल कोर्ट ने वर्ष 1986 में आरोपी को दोषसिद्ध ठहराया। कोर्ट ने साक्ष्यों का पुनर्मूल्यांकन करते हुए पाया कि अभियोजन यह सिद्ध करने में विफल रहा कि ट्रैफिक निरीक्षक बस की जांच के लिए विधिवत अधिकृत थे। न तो एफआईआर और न ही गवाहों के बयानों में यह उल्लेख था कि निरीक्षकों ने स्वयं को अधिकृत अधिकारी के रूप में परिचित कराया या जांच का उद्देश्य बताया था। ऐसे में कोर्ट ने माना कि सार्वजनिक परिवहन वाहन की जांच करते समय यह आवश्यक प्रक्रिया का हिस्सा है। कोर्ट ने गवाहों के बयानों में भी गंभीर विरोधाभास पाया। बस में चढ़ने के स्थान, यात्रियों की प्रविष्टि तथा घटनाक्रम को लेकर तीनों प्रमुख गवाहों के बयान एक-दूसरे से मेल नहीं खाते थे। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि किसी यात्री के बिना टिकट यात्रा करने का कोई ठोस प्रमाण नहीं दिया गया और विवाद केवल वे-बिल में प्रविष्टि को लेकर था, जबकि नियमों के अनुसार टिकट जारी करने का अधिकार कंडक्टर को प्राप्त है तो ऐसे में प्रविष्टि को लेकर हुआ विवाद निराधार सिद्ध होता है। कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद माफी-पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि उससे यह संकेत मिलता है कि वे-बिल पर की गई टिप्पणी गलत थी और बस का संचालन सही ढंग से हो रहा था। को ने यह भी पाया कि ट्रायल कोर्ट ने साक्ष्यों का सही कानूनी दृष्टिकोण से मूल्यांकन नहीं किया और क्रॉस-केस से संबंधित स्थापित न्यायिक सिद्धांतों की अनदेखी की। अंत में कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि जब साक्ष्य अभियोजन के आरोपों को संदेह से परे सिद्ध नहीं करते, तब आरोपी को संदेह का लाभ दिया जाना न्याय का मूल सिद्धांत है। इसी आधार पर वर्ष 1986 का दोषसिद्धि एवं सजा आदेश निरस्त करते हुए अपील स्वीकार कर ली गई और आरोपी को सभी आरोपों से पूर्णतः बरी कर दिया गया।

## डीएम-एसपी ने गैस एजेंसियों का किया भ्रमण

### जनता को निर्बाध आपूर्ति व सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन करने का दिया निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जनपद में गैस आपूर्ति की व्यवस्था को सुचारु एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा जीण माता एचपी गैस ग्रामीण वितरण, कंदवा बाजार, का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गैस एजेंसी में उपलब्ध व्यवस्थाओं, अभिलेखों तथा उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं का गहनता से अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने गैस सिलेंडरों के भंडारण स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसियों पर सुरक्षा नियमों का



गैस एजेंसी का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक।

कड़ाई से पालन किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता तथा उनकी कार्यशीलता की भी जांच की और निर्देश दिया कि सभी उपकरण हमेशा कार्यशील स्थिति में रखें जाएं। जिलाधिकारी ने एजेंसी में उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं, जैसे प्रतीक्षालय, पेयजल, शिकायत पंजी तथा वितरण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी संचालक को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। यदि ऐसी शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### तेल, गैस के लिए आमजन को न हो परेशानी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद में गैस वितरण व्यवस्था को सुचारु एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्प जीएन द्वारा कैंप कार्यालय पर संबंधित तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के सेल्स ऑफिसर आकाश कुशवाहा, इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधि एस.के. सोनी तथा भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारी अभिषेक सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में आयोजित किए जाने वाले गैस उपभोक्ता जागरूकता कैंपों की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कैंप स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि गैस एजेन्सियों पर भी लाउडस्पीकर लगवाकर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग, गैस रिसाव की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों तथा योजनाओं से संबंधित जानकारी दे।

## सड़क पार कर रही तीन वर्षीय बच्ची को ट्रक ने कुचला, मौत

संवाददाता, संतकबीरनगर

- घटना से परिवार में मचा रहा कोहराम

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मीरगंज गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को सड़क पार कर रही तीन वर्षीय मासूम को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने जानकारी जुटाई, हालांकि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

मीरगंज गांव निवासी सदानंद की तीन वर्षीय बेटी सौम्या बुधवार की दोपहर करीब 3.30 बजे घर के सामने खेल रही थी। इसी दौरान वह सड़क पार करने लगी। तभी तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां अनीता देवी और दादी जगवानी देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, जबकि पिता सदानंद सदमे में हैं। बताया जाता है कि सदानंद की दो बेटियां थीं। बड़ी बेटी सोनाक्षी है, जबकि सौम्या सबसे छोटी थी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया और शव को घर ले गए। परिजनों के अनुसार देर शाम बच्ची के शव को दफन कर दिया गया।

## श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन में न हो असुविधा : प्रवीण

अयोध्या कार्यालय।

- बोले, एडीजी जोन, राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के दौरे से एक दिन पूर्व बुधवार को एडीजी जोन लखनऊ प्रवीण कुमार अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी पर दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वह राम मंदिर परिसर में गए व राष्ट्रपति के आगमन को लेकर की गई तैयारियों को परखा। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों व ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर किए गए इंतजामों की समीक्षा की। वह रात अयोध्या में ही प्रवास करेंगे, गुरुवार को मुख्यमंत्री के साथ समीक्षा बैठक में भी मौजूद रहेंगे।



हनुमानगढ़ी परिसर का निरीक्षण करते एडीजी प्रवीण कुमार व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

पत्रकारों से बात करते हुए एडीजी ने बताया कि रामनवमी अयोध्या का सबसे बड़ा व महत्वपूर्ण पर्व है। इसमें आसपास व दूर से कई लाख की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आते हैं। इनकी सुरक्षा व सुगम यातायात के लिए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। आज यह परखा गया कि क्या-क्या इंतजाम हो चुके हैं व अभी क्या बाकी है। बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर वीवीआईपी प्रोटोकाल के तहत सुरक्षा व अन्य इंतजाम किए जा रहे हैं। उनका दौरा चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन पड़ रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं को राम मंदिर समेत अन्य मठ मंदिरों में दर्शन पूजन में असुविधा न हो, इसका विशेष ख्याल रखने की योजना बनाई जा रही है। बताया कि अयोध्या में पूर्व से ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम हैं, उनकी भी समीक्षा की जा रही है। साथ ही सीसीटीवी व ड्रोन की संख्या बढ़ाने की भी तैयारी है।

## वाराणसी होकर दिल्ली तक चलेगी नई ट्रेन

**वाराणसी, अमृत विचार।** रेल यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। जल्द ही एक नई ट्रेन शुरू होने जा रही है जो वाराणसी होकर दिल्ली तक जाएगी। इस ट्रेन का शुभारंभ 14 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से हरी झंडी दिखाकर करेंगे। नई ट्रेन वाराणसी जंक्शन से होकर गुजरेगी, जिससे पूर्वांचल के यात्रियों को दिल्ली जाने में काफी सुविधा मिलेगी। खासकर अयोध्या और लखनऊ होते हुए आनंद विहार तक यात्रा करने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## प्रतियोगिता में बेटियों ने दिखाया दम

**कुशीनगर, अमृत विचारः** खेल निदेशालय एवं जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जिला स्तरीय जूनियर आयु वर्ग वालीबाल, बैडमिण्टन, एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, व बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के वालीबाल बालक वर्ग खेल में 06 टीम, बैडमिण्टन खेल में 04 बालक, एथलेटिक्स खेल में 118 बालक/बालिका, कुश्ती खेल में 53 बालक/बालिका, कबड्डी बालक वर्ग में 08 टीम, एवं बास्केटबाल बालक वर्ग में



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेतीं बालिकाएं। अमृत विचार

06 टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन कृष्ण कुमार जिला उद्यान अधिकारी, कुशीनगर व सचिन कुमार जिला युवा अधिकारी, कुशीनगर, रवि कुमार निषाद क्रीड़ाधिकारी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एथलेटिक्स खेल में 100 मी0 दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। विजेता उपविजेता एवं निर्णायकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## रिश्वतखोरी में दरोगा पर उसी के थाने में मुकदमा दर्ज कराया

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने चार्जशीट दाखिल करने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले दरोगा आलोक कुमार सिंह के खिलाफ उसी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। तरया सुजान थाने में तैनात रहे दरोगा आलोक कुमार सिंह पर आरोप है कि उन्होंने मारपीट के एक मुकदमे में आरोपी पक्ष को फायदा पहुंचाने के लिए पैसों की मांग की। भगवानपुर निवासी दीपक गिरी ने दरोगा के साथ हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### एसपी की सख्ती से हड़कंप

ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल जांच के आदेश दिए। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर दरोगा को तत्काल निलंबित कर दिया गया। जांच में भी आरोप सही पाए गए तो संबंधित थाने में दरोगा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। दरोगा आलोक कुमार सिंह पर उसी थाने मे मुकदमा दर्ज किए जाने की घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक की इस सख्त कार्रवाई को लोगों ने सराहा है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाएं सम्मानित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर की उपस्थिति में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के परिप्रेक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को को रेलवे प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष मनीषा बोरवणकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उनके साथ महिला कल्याण संगठन की सदस्यायें उपस्थित थीं।

इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण सप्ताह के अन्तर्गत रेलवे अधिकारी क्लब, में आयोजित 'फूड विदाउट फायर' प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को महिला





कार्यक्रम का उद्घाटन व महिलाओं को पुरस्कृत करतीं मनीषा बोरवणकर।

कल्याण संगठन की अध्यक्ष मनीषा बोरवणकर ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2026 की अधिकारिक थीम 'गीव टू गेन' पर आधारित रहा। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कला समिति के कलाकारों ने मनोहरी समूह नृत्य-गणेश वन्दना, एकल गीत, एकल नृत्य तथा समूह शास्त्रीय गीत प्रस्तुत किया। महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने कहा कि महिला रेलकर्मियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आमंत्रित महिला वक्ताओं ने बहुत सारी अच्छी बातें कीं। उन्होंने कहा कि लखनऊ निरीक्षण के दौरान महिला दिवस पर महिला रेलकर्मियों से कार्यस्थल को और अच्छा बनाने तथा रेल को और अच्छे ढंग से चलाने पर सार्थक चर्चा हुई। देश की महामहिम राष्ट्रपति महिला ही हैं, जो कि अपने परिश्रम से राष्ट्रपति बनी हैं। पूरे विश्व के लिये हमारे देश का यही संदेश है कि हमारे देश की राष्ट्रपति महिला हैं तथा हमारे देश में प्रत्येक दिवस महिला दिवस है। पूर्वोत्तर रेलवे पर महिलायें हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। हम मुख्यालय एवं मंडलों में कार्यस्थलों को महिलाओं के लिये और खुशनुमा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। चूँकि महिलायें हर क्षेत्रों में पुरूषों की तुलना में अच्छा कार्य कर ही हैं।

## 63.57 करोड़ से कपसेठी-बाबतपुर मार्ग होगा सिक्सलेन, मिलेगी राहत

**वाराणसी, अमृत विचार।** बाबतपुर एयरपोर्ट तक सिक्सलेन सड़क बनाने की तैयारी तेज हो गई है। राजातालाब से हरहुआ के बीच रिंग रोड पर बनने वाली इस सड़क से जाम की समस्या कम होगी और आसपास के चार जिलों के लोगों को एयरपोर्ट तक पहुंचने में आसानी होगी। 63.57 करोड़ की लागत वाली परियोजना को शासन ने मंजूरी दे दी है। बाबतपुर एयरपोर्ट तक बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सिक्सलेन सड़क बनाने की योजना को शासन से स्वीकृति मिल गई है। राजातालाब से हरहुआ के बीच रिंग रोड पर बनने वाली इस सड़क के लिए कुल 63 करोड़ 57 लाख 56 हजार रुपये की लागत मंजूर की गई है। परियोजना के तहत वर्ष 2025-26 में पहली किस्त के रूप में 6.30 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, सड़क निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस मार्ग के बनने से वाराणसी के साथ-साथ प्रयागराज, मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही जिले के यात्रियों को बाबतपुर एयरपोर्ट तक पहुंचने में सहूलियत होगी। वर्तमान में राजातालाब से हरहुआ के बीच रिंग रोड पर भारी वाहनों के चलते अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को हरहुआ चौराहे के पास आरओबी और अंडरपास के नीचे से गुजरना पड़ता है, जिससे कई बार लंबा जाम लग जाता है।

**मौसम** | मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मार्च महीने में इस तरह की स्थिति कम ही देखने को मिलती है

## एक ही दिन में कोहरा, तेज धूप, उमस व ठंड का अहसास

संवाददाता, वाराणसी

**अमृत विचार।** जिले में इन दिनों मौसम का व्यवहार लोगों के लिए पहेली बन गया है। शहर में एक ही दिन के भीतर अलग-अलग मौसम का अनुभव हो रहा है। सुबह के समय धुंध और कोहरा दिखाई देता है, जबकि दोपहर में तेज और चुभने वाली धूप पड़ रही है। शाम के समय उमस बढ़ जाती है और रात होते-होते हल्की ठंडक महसूस होने लगती है। इस तरह एक ही दिन में तीन से चार अलग-अलग मौसम जैसे हालात बन रहे हैं, जिससे आम लोग और मौसम विशेषज्ञ दोनों हैरान हैं।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मार्च महीने में इस तरह की स्थिति कम ही देखने को मिलती है, लेकिन सही परिस्थितियां बनने पर ऐसा होना संभव है। इससे पहले साल 2008 में भी वाराणसी में कुछ इसी तरह का मौसम दर्ज किया गया था।

मंगलवार को वाराणसी में रात के तापमान ने पिछले पांच वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। न्यूनतम तापमान सामान्य से लगभग 9.3 डिग्री अधिक होकर 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान भी सामान्य से करीब 1.3 डिग्री ज्यादा 32.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले मार्च 2021 में इतनी गर्म रात दर्ज की गई थी। मंगलवार को वाराणसी का औसत AQI 104 दर्ज किया गया। शहर में सबसे अधिक प्रदूषण बीएचयू क्षेत्र में देखा गया, जहां AQI 143 तक पहुंच गया। इसके अलावा अर्दली बाजार में 124, मलदहिया में 81 और भेलूपुर में 68 AQI दर्ज किया गया।

### पिछले चार दिनों में हवा की गुणवत्ता में गिरावट

पिछले तीन से चार दिनों के दौरान शहर के प्रदूषण स्तर में भी बढ़ोतरी देखी गई है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) बढ़कर 104 तक पहुंच गया है, जिससे वाराणसी की हवा लगभग 40 दिनों बाद येलो जोन में आ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि वातावरण में वेंटिलेशन कम होने के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। वहीं हवा में नमी भी बढ़कर करीब 88 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

### एंटी साइक्लोन जैसी स्थिति का असर

लखनऊ स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह के अनुसार, पछुआ हवाएं फिलहाल बंद हो गई हैं और वातावरण में वेंटिलेशन कम हो गया है। इसके कारण दिन की गर्मी रात में बाहर नहीं निकल पा रही और रात का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इसके अलावा निचले क्षोभमंडल में, लगभग 6 से 8 किलोमीटर की ऊंचाई पर, पूर्वी भारत के दक्षिणी झारखंड क्षेत्र के आसपास एंटी साइक्लोन जैसी स्थिति बनी हुई है। इस कारण मौसम साफ बना हुआ है और धूप तेज हो रही है, जबकि गर्म हवा नीचे की ओर आ रही है।

### हवा में नमी बढ़ने से बन रही धुंध

विशेषज्ञों के मुताबिक हवा में नमी बढ़ने के कारण सुबह के समय धुंध भी दिखाई दे रही है। फिलहाल अगले चार से पांच दिनों तक प्रदेश में कोई बड़ा मौसम तंत्र सक्रिय नहीं रहने की संभावना है, इसलिए मौसम मुख्य रूप से शुष्क रह सकता है। हालांकि 15 मार्च के आसपास पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से पूर्वांचल के कुछ इलाकों में इस सीजन की पहली बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है।

## एपीके फाइल के जरिए 8.38 लाख की ठगी का गिरोह पकड़ा, सरगना समेत दो गिरफ्तार

**वाराणसी, अमृत विचार।** वाराणसी की साइबर क्राइम पुलिस ने बैंक खातों से पैसे उड़ाने वाले एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में गिरोह के सरगना समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को पश्चिम बंगाल के अंडाल रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से छह आईफोन, नौ एंड्रॉयड मोबाइल फोन और करीब 1.52 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

मामला 5 जनवरी 2026 का है, जब रामनगर क्षेत्र के मछरहट्टा निवासी अनूप गुप्ता ने साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खाते से 8,38,402 रुपये की ठगी कर ली। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने आईटी एक्ट और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान साइबर क्राइम टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और डिजिटल फुटप्रिंट की मदद से आरोपियों तक पहुंच बनाई। इसके बाद कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के अंडाल रेलवे स्टेशन से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नागेश्वर मंडल (30) और अक्षय मंडल उर्फ पिंटू (24) के रूप में हुई है। दोनों फिलहाल पश्चिम बंगाल के पश्चिमी बर्धमान जिले के अंडाल क्षेत्र में रह रहे थे, जबकि उनका मूल निवास झारखंड के जामताड़ा जिले में बताया गया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी लोगों को बैंक या आरटीओ चालान भुगतान से जुड़े फर्जी डिजिटल पोस्टर और मैसेज भेजते थे। इन संदेशों के साथ एक कूटरचित एपीके फाइल भी होती थी। जैसे ही कोई व्यक्ति उस फाइल को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करता था, ठगों को उसके फोन का एक्सेस मिल जाता था और मोबाइल पर आने वाले एसएमएस भी उनके पास पहुंचने लगते थे। इसके बाद आरोपी एसएमएस बॉम्बर के जरिए बड़ी संख्या में मैसेज भेजकर भ्रम की स्थिति पैदा करते थे।

## ब्रीफ न्यूज

### जयशंकर और लावरोव ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की

**मॉस्को।** भारत और रूस के विदेश मंत्रियों, क्रमशः एस. जयशंकर एवं सर्गेई लावरोव ने बुधवार को टेलीफोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। रूस के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों मंत्रियों ने ईरान को लेकर स्थिति पर अपने विचार साझा किए और इसे शीघ्र ही स्थिति सामान्य होने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्थिति को शांत करने और सभी पक्षों के वैध हितों के संतुलन पर आधारित स्थायी समाधान प्राप्त करने की परिस्थितियों के निर्माण में एससीओ और ब्रिक्स की भूमिका का समर्थन करने पर भी जोर दिया।

### उत्तर के बाद अब प.राज्यों के कई इलाकों में उष्ण लहर शुरू

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहा जबकि गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्रों तथा महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के कुछ इलाकों में उष्ण लहर से लेकर भीषण उष्ण लहर तक की स्थिति बनी रही। आईएमडी ने कहा कि हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकतर स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक (5.1 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक) दर्ज किया गया। उसने बताया कि पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान, पंजाब के कई स्थानों, पूर्वी
और पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पूर्वी एवं पश्चिमी मध्य प्रदेश, गोवा, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में भी अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया।

### टेलीग्राम को 3,100 से अधिक चैनल निष्क्रिय करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को त्वरित संदेश मंच टेलीग्राम को कॉपीराइट कानून का उल्लंघन करने वाले 3,100 से अधिक चैनल को तीन घंटे के भीतर निष्क्रिय करने का निर्देश दिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यह पाया था कि इन चैनल पर कुछ सामग्री मालिकों, ओटीटी मंचों और निर्माताओं के स्वामित्व वाले या उनके लाइसेंस-प्राप्त कार्यक्रमों को बिना कानूनी अनुमति के साझा और वितरित की जा रही थीं।

# ईरान के क्लस्टर बम... न तो सह पा रहा इजराइल, न कुछ कर पा रहा

## लगातार हमले हवाई सुरक्षा के लिए बने चुनौती

तेल अवीव, एजेंसी

पिछले 10 दिनों से जारी युद्ध के दौरान इजराइल के खिलाफ ईरान ने क्लस्टर बमों का भरपूर इस्तेमाल किया है और इन हमलों ने इजराइल की हवाई सुरक्षा के लिए एक जटिल और घातक चुनौती खड़ी कर दी है। इजराइल इस युद्ध में ईरान के हमलों से हो रहे नुकसान की जानकारी तो साझा नहीं कर रहा लेकिन उसने स्वीकार किया है कि ईरान के क्लस्टर उसकी हवाई रक्षा प्रणाली रोक नहीं पा रही है।

इजराइल ने कहा है कि ईरान ने युद्ध के दौरान क्लस्टर बम का लगातार इस्तेमाल किया है। क्लस्टर बम ऊंचाई पर फट जाता है और इससे कई छोटे-छोटे बम (बॉम्बलेट) निकल कर बड़े हिस्से में फैल जाते हैं। ये छोटे बम रात के समय नारंगी रंग के आग के गोले जैसे दिखाई देते हैं और इन्हें हवा में रोकना या इसका पता लगा पाना काफी मुश्किल होता है। ये क्लस्टर बम घातक साबित हुए हैं। इजराइल ने अब तक ईरान के हमलों से हुए नुकसान की जानकारी सार्वजनिक नहीं की है लेकिन इजराइली अधिकारियों ने हाल में जनता को इन हथियारों के खतरों के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया है। ये बम जमीन पर बिना फटे भी पड़े रह सकते हैं और बाद में कभी भी फट सकते हैं। मंगलवार को मध्य इजरायल में एक निर्माण स्थल पर दो लोगों सहित कम से कम तीन लोग मारे गए।



इजराइल के रामत गन शहर में ईरानी हमलों के डर से बंकर में शरण लिए हुए लोग।

### क्लस्टर बम इस्तेमाल न करने का 120 देशों में है समझौता, पर ईरान, इजराइल, अमेरिका शामिल नहीं

क्लस्टर बम के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है और 120 से अधिक देशों ने इसका इस्तेमाल नहीं करने संबंधी एक अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं लेकिन इजराइल, अमेरिका और ईरान ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इस हथियार का इस्तेमाल पूर्व में भी संघर्षों के दौरान होता रहा है। खुद इजराइल भी क्लस्टर बम का इस्तेमाल करता रहा है। इसमें 2006 में ईरान समर्थित लेबनानी चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला के खिलाफ इजराइल की लड़ाई भी शामिल है।

### इजराइल की आयरन डोम प्रणाली नहीं रोक पा रही क्लस्टर बम हमले

इजराइल के एक सैन्य अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर मंगलवार को बताया कि ईरान से इजराइल की ओर दागे जा रहे लगभग आधे बम क्लस्टर बम थे। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान में एक वरिष्ठ शोधकर्ता येहोशुआ कालिस्की ने कहा कि इजराइल की हवाई रक्षा प्रणाली 'आयरन डोम' कम दूरी और कम ऊंचाई से दागे गए छोटे रॉकेट को रोकने के लिए बनाई गई है लेकिन इनमें क्लस्टर बम को रोकने की क्षमता नहीं है क्योंकि ये दागे जाने के बाद दर्जनों छोटे बम छोड़ते हैं और बड़े इलाके में फैल जाते हैं।

### ईरान के मिसाइल बनाने वाले बड़े कारखाने पर किया हमला

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी मध्य कमान के लेफ्टिनेंट जनरल ब्रैड कूपर ने कहा है कि अमेरिका ने मंगलवार को ईरान में बैलिस्टिक मिसाइल बनाने वाले एक बड़े कारखाने पर हमला किया है। कूपर ने कहा, हम ईरान की मिसाइलों और ड्रोन को निशाना बनाने के साथ उसके रक्षा उद्योगों पर हमला करके उनकी सैन्य ताकत को खत्म कर रहे हैं। कल रात हमारे बमवर्षक विमानों ने मिसाइल बनाने वाले एक बहुत बड़े कारखाने को तबाह कर दिया। उन्होंने कहा, हमारा मकसद सिर्फ उन खतरों को रोकना नहीं है, जो हम पर हमले कर रहे हैं, बल्कि भविष्य के खतरों को भी जड़ से मिटाना है। कूपर ने बताया कि ईरान के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका ने उसके 5,500 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया है, जिनमें 60 से अधिक समुद्री जहाज भी शामिल हैं।

## अमेरिकी सेना का दावा, बारूदी सुरंग बिछाने वाले 16 ईरानी जहाज नष्ट किए

**दुबई।** अमेरिका ने कहा है कि उसने बारूदी सुरंग बिछाने वाले ईरान के 16 जहाज नष्ट किए हैं, वहीं ईरान ने क्षेत्र के तेल निर्यात को रोकने का प्रण दोहराते हुए फिर कहा कि वह अपने दुश्मनों को एक लीटर तेल भी भेजने की अनुमति नहीं देगा।

युद्ध से होर्मुज जलडमरूमध्य पर पड़ने वाले असर को लेकर बढ़ती चिंता के बीच अमेरिकी सेना ने बारूदी सुरंग बिछाने वाले 16 ईरानी जहाजों को नष्ट करने का दावा करते हुए कुछ वीडियो भी जारी किए। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान की ओर से विस्फोटक लगाए जाने की कोई सूचना नहीं है। इसी जलमार्ग के जरिए दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की ढुलाई होती है। वहीं, ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि वह अगले आदेश तक इस क्षेत्र से शत्रु पक्ष और उसके सहयोगियों को एक लीटर तेल का निर्यात भी नहीं होने देगा। अधिकारियों के अनुसार ईरान में अब तक 1,230 लोगों की जान जा चुकी है।

### बमबारी के साथ दोनों पक्षों में बयानबाजी भी तेज

ईरान और इजराइल-अमेरिका संघर्ष के 11वें दिन में प्रवेश करने के साथ ही दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी तेज कर दी है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी सबसे भीषण हमलों का संकल्प दोहराया है। उधर, ईरान के नेताओं ने बातचीत की संभावनाओं से इन्कार कर दिया और ट्रंप को चेतावनी देते हुए इजराइल तथा खाड़ी के अरब देशों पर नए हमले शुरू कर दिए। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि प्रिंस सुल्तान एयर बेस समेत उसके कई ठिकानों की ओर दागी गई मिसाइलों को रास्ते में ही रोक दिया गया। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में इजराइल के कई हमलों में सात लोगों की मौत हो गई। इनमें रेड क्रॉस का एक सदस्य भी शामिल है।

## तेल संकट टालने को 40 करोड़ बैरल तेल जारी करेगा आईईए

पेरिस, एजेंसी

- पहली बार रिजर्व भंडार से इतने बड़े पैमाने पर होगा आवंटन

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण ऊर्जा बाजारों पर पड़ रहे गंभीर प्रभाव को कम करने के लिए बुधवार को अपने इतिहास का सबसे बड़ा आपातकालीन तेल भंडार जारी करने पर सहमति व्यक्त की है। पेरिस स्थित इस संगठन ने घोषणा की है कि वह अपने सदस्य देशों के सुरक्षित भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल बाजार में उपलब्ध कराएगा। यह मात्रा 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान जारी किए गए 18.27 करोड़ बैरल के पिछले रिकॉर्ड से दोगुनी से भी अधिक है।

आईईए के कार्यकारी निदेशक फातिह बिरोल ने कहा कि ईरान द्वारा ''होर्मुज जलडमरूमध्य'' को बाधित करने और रिफाइनरियों पर हमलों के कारण जेट ईंधन और डीजल की आपूर्ति पर बड़ा संकट पैदा हो गया है। जी7 देशों के नेताओं ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऊर्जा संकट की समीक्षा की। इस वार्ता में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित समूह के अन्य सदस्य देशों के नेताओं ने वैश्विक तेल आपूर्ति को स्थिर करने पर विचार-विमर्श किया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईईए के इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि अकेले जी7 देश इस कुल भंडार का 70 प्रतिशत हिस्सा दे रहे हैं, जो होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाले 20 दिन के निर्यात के बराबर है। जर्मनी और ऑस्ट्रिया ने न केवल तेल जारी करने का फैसला किया है, बल्कि उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कड़े कदम भी उठाए हैं।

### अटकलबाजी थमी, ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई सुरक्षित होने की घोषणा

**तेहरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर जारी अटकलों के बीच राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के पुत्र यूसुफ पेजेशकियन ने बुधवार को पुष्टि की कि नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ हैं। पेजेशकियन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक पोस्ट में बताया कि कुछ मित्रों, जिनके उच्च स्तर पर संपर्क हैं, उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया है कि सर्वोच्च नेता स्वस्थ्य एवं सुरक्षित हैं उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा था कि पिछले दिनों ईरान पर हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में मोजतबा खामेनेई घायल हो गए थे। नियुक्ति के 48 घंटों बाद भी उनके सार्वजनिक रूप से सामने न आने के कारण इन अफवाहों को और बल मिला था।



- राष्ट्रपति के पुत्र ने चोटिल होने की खबरों का किया खंडन

## अमेरिकी-इजराइली हमलों में 1,300 की मौत, 9,669 नागरिक ठिकाने नष्ट

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा कि 28 फरवरी से अमेरिका-इजराइल के सैन्य हमलों में ईरान में 1,300 से अधिक नागरिक मारे गए हैं और 9,669 नागरिक ठिकाने नष्ट हो गए हैं। इरावानी ने मंगलवार को प्रेस को दिए एक बयान में बताया कि नष्ट किए गए नागरिक ठिकानों में 7,943 आवासीय घर, 1,617 वाणिज्यिक और सेवा केंद्र, 32 चिकित्सा सुविधाएं, 65 स्कूल और शैक्षणिक संस्थान, रेड क्रिसेंट की 13 इमारतें और कई ऊर्जा आपूर्ति सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका-इजराइल जानबूझकर और अंधाधुंध तरीके से ईरान के नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं। वे अंतरराष्ट्रीय कानून का कोई सम्मान नहीं कर रहे हैं और इन अपराधों को करने में कोई संयम नहीं दिखा रहे हैं।

### ईरान पर हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन : मेलोनी

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा है कि ईरान पर अमेरिकी इजराइली हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं। मेलोनी ने बुधवार को इटली की सीनेट में दिए भाषण में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय संकट के बारे में कहा, इसमें खतरे लगातार डरावने होते जा रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे से बाहर एकतरफा दखल बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ईरानी शासन के खिलाफ अमेरिकी और इजराइली दखल को उस बड़े संकट का हिस्सा समझा जाना चाहिए।

## शहबाज शरीफ ने पेजेश्कियान से बात की, कहा- पाकिस्तान ईरान के साथ

### कुटिल पाकिस्तान की दोहरी चाल

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिका-इजराइल के हमलों और क्षेत्रीय हालात पर चर्चा की है। शहबाज शरीफ ने इस बातचीत में अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई की निंदा करते हुए ईरान की सरकार और जनता के साथ एकजुटता व्यक्त की।

ईरान के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार टेलीफोन वार्ता के दौरान पेजेश्कियान ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से कहा कि ईरान ने अमेरिका के साथ विवाद सुलझाने के लिए गंभीरता से वार्ता शुरू की थी लेकिन बातचीत के दौरान ही उस पर अमेरिका-इजराइल का हमला हुआ। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्र के देशों के साथ संघर्ष नहीं चाहता और केवल उन ठिकानों को निशाना बनाएगा जहां से उसके खिलाफ हमले किए जाते हैं, जिसे उन्होंने आत्मरक्षा का वैध अधिकार बताया है।

## पीएमओ के वरिष्ठ अधिकारी ने किया सऊदी अरब की मदद करने का वादा

**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां कहा कि पाकिस्तान सऊदी अरब की मदद के लिए तैयार है। 'डॉन डॉट कॉम' के अनुसार प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने एक निजी टेलीविजन चैनल को दिए साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की।

जैदी से पूछा गया था कि पश्चिम एशिया में छिड़े युद्ध के बीच पाकिस्तान क्या सऊदी अरब की सैन्य या किसी और प्रकार से सहायता करेगा। जवाब में उन्होंने कहा, पारस्परिक रक्षा समझौते से पहले ही दोनों देश एक-दूसरे की मदद करने के सिद्धांत पर चलते आए हैं। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम मदद करेंगे। असली सवाल यह है कि पाकिस्तान यह तय करने के लिए क्या कर रहा है कि स्थिति उस हद तक नहीं बिगड़े जहां उसके किसी करीबी सहयोगी को ऐसे संघर्ष में उलझना पड़े।

# मेघालय : हिंसा के बाद गारो हिल्स के चुनाव टले, कर्फ्यू

शिलांग, एजेंसी

- सरकार ने तनाव के कारण पांच जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवा निलंबित की

मेघालय सरकार ने ताजा हिंसा में दो लोगों की मौत के मद्देनजर गारो हिल्स स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएसीडी) के 10 अप्रैल को होने वाले चुनावों को स्थगित करने के साथ बुधवार को पांच जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दीं। पश्चिम गारो हिल्स और पूर्वी गारो हिल्स जिलों में कर्फ्यू भी लगा दिया गया है।

यह घटनाक्रम मेघालय उच्च न्यायालय द्वारा जीएचएसीडी चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने के संबंध में अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र को अनिवार्य बनाने वाली अधिसूचना को रद्द करने के एक दिन बाद हुआ। इस अधिसूचना का उद्देश्य जीएचएसीडी चुनावों में गैर-जनजातियों को भाग लेने से रोकना था जो पिछले सात दशकों से जारी प्रथा से अलग था। मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने एक वीडियो संदेश जारी कर जीएचएडीसी चुनाव स्थगित करने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गारो हिल्स जिले में कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने और लोगों को हो रही कठिनाइयों को समझने के बाद यह निर्णय लिया गया।

## कतर से 500 से अधिक भारतीयों को निकाला गया

**दोहा।** भारतीय दूतावास ने बुधवार को बताया कि कतर में फंसे 500 से अधिक भारतीयों को नयी दिल्ली और अन्य स्थानों पर पहुंचाया गया है। दूतावास ने पश्चिम एशियाई देश में अब भी फंसे लोगों को किसी भी अज्ञात वस्तु, मलबे या टुकड़ों के पास जाने के खिलाफ चेतावनी दी है। कतर स्थित भारतीय दूतावास ने ''एक्स'' पर एक परामर्श में कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कतर एयरवेज गुरुवार को भारत के लिए दो उड़ानें संचालित करने वाली है। दूतावास ने कहा, कतर में फंसे 500 से अधिक भारतीय 11 मार्च को कतर एयरवेज की उड़ानों से लाया गया।

## भारतीय कंपनियों पर नकदी दबाव संभव: फिच

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने कहा है कि यदि ईरान से जुड़ा तनाव लंबे समय तक बना रहता है और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आवागमन बाधित रहता है या कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं तो भारत की सरकारी तेल विपणन कंपनियों और गैस कंपनी गेल इंडिया के नकदी प्रवाह पर दबाव बढ़ सकता है।

रेटिंग एजेंसी फिच ने एक रिपोर्ट में कहा कि अल्पावधि में इन कंपनियों के वित्तीय संकेतक कमजोर हो सकते हैं, लेकिन सरकारी समर्थन के कारण उनकी रेटिंग पर तत्काल कोई खतरा नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिच ने जिन तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की रेटिंग की है, उनमें भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पास सबसे मजबूत बहीखाता है और वह लंबे समय तक आपूर्ति बाधित होने या कच्चे तेल की लागत बढ़ने की स्थिति को बेहतर तरीके से संभाल सकती है।

# मुख्यमंत्री से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के सीईओ रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। बैठक में उत्तर प्रदेश को एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख केंद्र बनाने की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

अतिथियों ने प्रदेश में निवेश के लिए तैयार हो रहे सकारात्मक औद्योगिक वातावरण की सराहना की। बैठक में लोहम कंपनी द्वारा प्रदेश में भारत की



पहली 'रेयर अर्थ टू मैग्नेट' इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी चर्चा हुई। यह भी चर्चा हुई कि उन्नत मटेरियल साइंस के क्षेत्र में अनुसंधान और औद्योगिक उत्पादन को जोड़कर प्रदेश को एक नए तकनीकी केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। लोहम और नोवोसेलोव के सहयोग का मुख्य फोकस दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर है। पहला, टू-डी मटेरियल (जैसे ग्रैफीन) का उपयोग कर अगली पीढ़ी की लिथियम-आयन बैटरियों की क्षमता, सुरक्षा और आयु बढ़ाना।

### कौन हैं नोवोसेलोव

- विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता
- ग्रैफीन की खोज के लिए मिला नोबेल पुरस्कार
- उन्नत मटेरियल साइंस और नैनो टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञ
- वर्तमान में लोहम कंपनी के साथ स्ट्रैटेजिक एडवाइजर

# पहली बार नेता प्रतिपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी ने लगाया आरोप, कहा- भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि सदन में उन्हें बोलने से कई बार रोका गया है और देश के इतिहास में पहली बार विपक्ष के नेता को सदन में बोलने नहीं दिया गया।

सदन में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए रविशंकर प्रसाद ने संसदीय प्रणाली पर ''कॉल एंड शकधर'' की एक किताब को उद्धृत करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को राष्ट्रहित के मुद्दों पर बोलते समय ध्यानपूर्वक शब्दों का चयन करना चाहिए और विदेशी धरती पर दलीय राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को यह किताब पढ़ लेनी चाहिए। इस पर कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा किया और आसन के समीप आ गए। वह नेता प्रतिपक्ष को बोलने की अनुमति देने की मांग कर रहे थे। आसन से अनुमति मिलने पर राहुल गांधी ने कहा, कई बार मुझे यहां बोलने से रोका गया है। भारत के इतिहास में पहली बार नेता विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया गया।

उन्होंने यह भी कहा, यह सदन देश की जनता की अभिव्यक्ति के लिए है। यह एक पार्टी का नहीं है, यह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। हम जब भी बोलने के लिए खड़े होते हैं तो हमें रोका जाता है। गौरतलब है कि राहुल गांधी को बजट सत्र के पिछले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए एक पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण को उद्धृत करने की अनुमति नहीं दी गई थी और बार-बार इस विषय को उठाने पर उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई। राहुल गांधी ने बुधवार को यह भी कहा, हमारे प्रधानमंत्री ने समझौता कर लिया है। सब यह जानते हैं।

## कुंभ मेले में वायरल मोनालिसा ने मुस्लिम प्रेमी के साथ की शादी

**तिरुवनंतपुरम।** प्रयागराज में लगे कुंभ मेले से दुनियाभर में वायरल हुई मोनालिसा भोंसले ने अपने मुस्लिम प्रेमी के साथ पुवर स्थित मंदिर में शादी कर ली। इससे कुछ घंटे पहले मोनालिसा ने अपने परिवार पर शादी का विरोध करते हुए पुलिस से सुरक्षा मांगी थी।

इंदौर की रहने वाली मोनालिसा अपनी मोहक मुस्कान और सुंदर आंखों के कारण प्रसिद्ध हुई थी, जब पिछले साल एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने कुंभ मेले में रुद्राक्ष की माला बेचने का उसका वीडियो साझा किया था। उसकी शादी समारोह नैनार मंदिर में हुआ, जिसमें केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी, सत्ताधारी माकपा के प्रदेश सचिव एमवी गोविंदन एवं राज्यसभा सांसद एए रहीम और पार्टी के अन्य प्रमुख नेताओं की उपस्थिति रही। मोनालिसा ने लाल साड़ी पहनी थी और सिंदूर लगा रखा था, जबकि दूल्हे ने सफेद शर्ट और मुंडू (धोती) पहना था। लड़का महाराष्ट्र में अभिनेता के तौर पर काम करता है।

## गोलीबारी में फारुक अब्दुल्ला बाल-बाल बचे

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू में बुधवार रात एक शादी समारोह में बंदूकधारी के हमले में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी बाल-बाल बच गए।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री चौधरी और मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी शहर के बाहरी इलाके में स्थित ग्रेटर कैलाश क्षेत्र के समारोह स्थल से निकल रहे थे। आरोपी की पहचान कमल सिंह जामवाल के रूप में हुई है, जो पुरानी मंडी का निवासी है। वह पिस्तौल लेकर अब्दुल्ला के पीछे पहुंचा और गोली चला दी। जम्मू कश्मीर पुलिस के सुरक्षा शाखा के दो अधिकारियों—एक निरीक्षक और एक उप निरीक्षक ने उसे काबू कर लिया।

## बालिका सुधार गृह में वार्डन से मारपीट कर भागीं तीन लड़कियां

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना स्थित एक बालिका सुधार गृह में तीन लड़कियां वार्डन से मारपीट करने और फिर चाबी छीनने के बाद फरार हो गईं। पुलिस ने लड़कियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना जिला मुख्यालय के बड़ोखर स्थित बालिका सुधार गृह शक्ति सदन में मंगलवार रात हुई। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात सुधार गृह की महिला वार्डन रामस्नेही सोलंकी अपने कक्ष में सो रही थीं, तभी तीनों लड़कियों ने एक साथ उन पर हमला कर दिया।

विवाद | ब्रिटिश सरकार की ओर से जारी दस्तावेजों से खुलासे के बाद बढ़ी स्टार्मर की मुश्किल

# मैंडलसन की नियुक्ति से पहले दी गई थी चेतावनी

लंदन, एजेंसी



- ब्रिटिश प्रधानमंत्री को किया गया था बदनामी के जोखिम से आगाह

ब्रिटिश सरकार की ओर से बुधवार को जारी किए गए दस्तावेजों से पता चला है कि अधिकारियों का मानना था कि यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन के साथ पीटर मैंडलसन के संबंधों के कारण उन्हें अमेरिकी राजदूत के रूप में नियुक्त करने से बदनामी का जोखिम था। मैंडलसन को इस पद पर नियुक्त किए जाने से पहले ये चिंताएं दिसंबर 2024 में प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर को भेजे गए एक दस्तावेज में उठाई गई थीं।

मैंडलसन की नियुक्ति को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के साथ अच्छे संबंध स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

इन दस्तावेज में लेबर पार्टी की पूर्व सरकार के दौरान मैंडलसन के वित्तीय मामलों से संबंधित कार्यों, जिनमें बड़े दानदाताओं से संबंधित मामले और उनके द्वारा सह-स्थापित पैरोकारी फर्म ''ग्लोबल काउंसिल'' में उनके काम से जुड़े अन्य प्रतिष्ठा संबंधी मुद्दों का भी उल्लेख किया गया है। सांसदों ने प्रधानमंत्री स्टार्मर की सरकार को ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में मैंडलसन को महत्वपूर्ण राजनयिक पद पर नियुक्त करने के फैसले से संबंधित हजारों फाइलें सार्वजनिक करने के लिए दबाव बनाया है, जबकि मैंडलसन की अतीत में यौन अपराधी एप्स्टीन के साथ मित्रता रही है। अधिकारियों ने बुधवार को सरकारी वेबसाइट पर इस मामले से संबंधित 100 से अधिक पृष्ठों के दस्तावेज प्रकाशित किए। नए खुलासे से स्टार्मर की मुश्किल बढ़ गई है।

## मोदी को अमेरिका से मिला आत्मसमर्पण का प्रमाणपत्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारत को रूस से तेल की खरीदने की अस्थाई रूप से अनुमति दिए जाने संबंधी अमेरिका के ताजा बयान को लेकर बुधवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए आत्मसमर्पण का प्रमाणपत्र है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिका ने ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारत को समुद्र में पोत पर पहले से मौजूद रूसी तेल स्वीकार करने की अनुमति अस्थाई रूप से दी है।

